# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- शहरी क्षेत्रों में तीन दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में पन्द्रह दिन में मिलेगा नया विद्युत कनेक्शन। पावर कार्पोरेशन ने लागू किया नया आदेश।
- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पन्द्रह जून से हर जिले में होगा योग सप्ताह का आयोजन। प्रदेश में योग दिवस पर ऑनलाइन शपथ दिलाने की विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी।
- कन्नौज से सांसद चुने जाने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विधायक पद से दिया त्यागपत्र। फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद ने भी छोड़ी विधायकी।
- प्रदेश के सभी जिले चिलचिलाती धूप और लू की चपेट में। मौसम विभाग ने अगले चार दिन भीषण गर्मी को लेकर जारी किया रेड अलर्ट।

**********

उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन ने विद्युत उपभोक्ता अधिकार नियम दो हजार बीस के अन्तर्गत बिजली कनेक्शन देने के संबंध में नया आदेश लागू किया है। इस आदेश के जरिए बिजली कनेक्शन के लिए समय सीमा तय कर दी गयी है। नये नियम के अन्तर्गत नगर निगम वाले शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को तीन दिन में बिजली कनेक्शन उपलब्ध होगा जबकि नगर पालिका वाले शहरों में सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतम पंद्रह दिन में बिजली कनेक्शन देना अनिवार्य होगा। कनेक्शन के लिए आवेदन करने की तारीख से तय समय सीमा में कनेक्शन न देने पर संबंधित विद्युत वितरण निगम को आवेदन कर्ता को प्रतिदिन पचास रूपये की दर से मुआवजा देना पड़ेगा।

**********

प्रदेश में पन्द्रह जून से इक्कीस जून तक हर जनपद में योग सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने कल लखनऊ में एक बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि इक्कीस जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अट्‌ठारह जून तक प्रदेश के कुल चौंतीस विश्वविद्यालयों और मेडिकल संस्थानों में ऑनलाइन शपथ दिलायी जायेगी। विश्वविद्यालयों और मेडिकल संस्थानों के माध्यम से पैंतालीस लाख तिरानबे हजार लोगों को ऑनलाइन शपथ ग्रहण करा कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज कराने का प्रयास किया जायेगा। इस बीच, मुख्य सचिव ने कहा है कि जनमानस को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से योग सप्ताह का आयोजन सभी जनपद मुख्यालय के अतिरिक्त तहसीलों, ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों में भी किया जाये। कार्यक्रमों के आयोजन में पुलिस द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कार्यक्रम से पहले सभी ग्राम पंचायतों और नगर निकायों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में योग ब्रेक प्रोटोकॉल का अभ्यास किया जाये।

**********

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इसके तहत किशोर न्याय बोर्ड का प्रावधान किया गया है। भारतीय न्याय संहिता–2023 की धारा 20 कहती है कि सात साल से कम उम्र के बच्चे द्वारा किया गया कोई भी कार्य अपराध नहीं है। जबकि धारा 21 के अनुसार सात साल से अधिक उम्र और बारह साल से कम उम्र के बच्चे द्वारा किया गया कोई भी कार्य अपराध नहीं है, जिसने उस अवसर पर अपने कार्य की प्रकृति और परिणामों का आंकलन करने के लिये पर्याप्त समझ की परिपक्वता प्राप्त नहीं की है। भारतीय नागरिक सुरक्षा–संहिता 2023 में सीआरपीसी की धारा 27 को हटा दिया गया है। इस संहिता की धारा 300 कहती है कि प्ली बार्गेनिंग के प्रावधान बच्चों के खिलाफ अपराधों पर लागू नहीं होते हैं।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 401 अच्छे आचरण के लिये चेतावनी के बाद परिवीक्षा पर रिहा करने के आदेश की बात करती है और यह भी कि किशोर न्याय अधिनियम को प्रभावित नहीं करेगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 402 में उल्लेख है कि किशोर न्याय अधिनियम के तहत एक युवा अपराधी से निपटने के लिये न्यायालय द्वारा विशेष कारण दर्ज किये जाने हैं।

किशोर न्याय अधिनियम के अनुसार, जैसे ही कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चे को पुलिस द्वारा पकड़ा जाता है, ऐसे बच्चे को विशेष किशोर पुलिस इकाई या नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के प्रभार में रखा जाना चाहिये, जो बच्चे को 24 घंटे के भीतर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने के लिये बाध्य है। बच्चे को पुलिस लॉकअप में नहीं रखा जाना चाहिये या जेल में बंद नहीं किया जाना चाहिये। इसके अलावा ऐसे बच्चे को, चाहे उसने जमानती या गैर–जमानती अपराध किया हो, जमानत के साथ या उसके बिना स्योरिटी पर रिहा किया जाना चाहिये। केवल कुछ विशेष परिस्थितियों में ही उसे जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता हैं, लेकिन उस स्थिति में उसे किशोर न्याय बोर्ड के सामने लाये जाने तक निर्धारित तरीके से अवलोकन गृह में रखा जाना चाहिये।

**********

कन्नौज से लोकसभा का चुनाव जीतने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधायक पद से त्यागपत्र दे दिया है। वह करहल विधानसभा क्षेत्र से वर्ष दो हजार बाइस के चुनाव में विधायक चुने गये थे। श्री यादव के साथ ही फैजाबाद से सांसद चुने गये अवधेश प्रसाद ने भी विधायक पद छोड़ दिया है। अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट से विधायक थे।

**********

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के तेरह निर्वाचित सदस्यों को कल शपथ दिलाई जाएगी। इन सदस्यों को विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह कल शाम चार बजे, नवीन भवन के तिलक हॉल में शपथ दिलाएंगे। शपथ लेने वाले सदस्यों में एनडीए गठबंधन के दस और समाजवादी पार्टी के तीन सदस्य शामिल होंगे।

**********

पर्यटकों की उमड़ती भीड़ को देखते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व और लखीमपुर खीरी जिले में स्थित दुधवा नेशनल पार्क का पर्यटन सत्र पच्चीस जून तक के लिये बढ़ा दिया गया है। पहले पर्यटन सत्र पन्द्रह जून को समाप्त होना था।

**********

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं की शैक्षणिक सत्र दो हजार तेइस–चौबीस के लिये कम्पार्टमेंट परीक्षा की तिथियां जारी कर दी हैं। इसके अन्तर्गत दसवीं की परीक्षायें पन्द्रह से बाइस जुलाई तक और बारहवीं की परीक्षायें पन्द्रह जुलाई को आयोजित की जायेगी।

**********

राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिये परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पन्द्रह जून से शुरू होगी। अध्यापक प्रेरणा वेब पोर्टल की मदद से दस जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिये बनायी गयी प्रत्येक जिले की जिला चयन समिति दो–दो श्रेष्ठ शिक्षकों का चयन करेगी, फिर राज्य स्तरीय चयन समिति इसमें से एक–एक सर्वश्रेष्ठ शिक्षक को पुरस्कार के लिये चयनित करेगी।

**********

प्रदेश के सभी जिले चिलचिलाती धूप की चपेट में है और तापमान हर गुजरते दिन के साथ सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है। रातें भी असामान्य रूप से गर्म हो गई हैं और रात के समय भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों में कानपुर में सबसे अधिक सैंतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई जिलों में भी तापमान में वृद्धि दर्ज की गयी है। इस बीच, मौसम विभाग ने चार दिनों तक प्रदेश में भीषण गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि अधिकतम तापमान में अभी और बढ़ोतरी नहीं होगी, लेकिन लू का असर बना रहेगा। उन्होंने बताया कि–

***पिछले दो तीन दिनों से तापमान काफी ज्यादा है और जैसा कि प्रयागराज पूरे भारत में सबसे ज्यादा तापमान है आने वाले तीन चार दिनों तक तापमान इसी लेवल पर बना रहेगा और प्रदेश में रेड अलर्ट जारी है जिसमें हमारा जो निचले इस्से है जो बुंदेलखंड है, आगरा, प्रयागराज वो जो रीजन है वहाँ पर रेड अलर्ट है। बाकी और जगहों में कुछ जगहों पर यलो और ऑरेंज अलर्ट भी है। लखनऊ राजधानी में ऑरेंज अलर्ट है। अगले तीन दिनों के लिये पश्चिमी हवाएं जिसको हम लोग पछुआ हवाएं बोलते हैं वह हवा लगातार बनी हुई है, जोकि 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे के हिसाब से चल रही है, जिसकी वजह से जो रात का भी तापमान है वह उतने इजली गिरने नहीं दे रहा है।***

**********

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभाग में रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने का निर्देश दिया है। लखनऊ में कल रिक्तियों और विभागीय बजट की समीक्षा के दौरान पशुधन मंत्री ने यह निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभाग में पदोन्नति के लंबित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नति की जाएं। पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 तथा पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद रिक्त हैं।

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय खरीफ गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए किसानों से अपील की कि वे दलहल और तिलहन की खेती के लिये आगे आयें। गोष्ठी में उन्होंने बताया कि प्रदेश में धान की उत्पादकता चालीस दशमलव पांच एक कुंतल प्रति हेक्टेयर से बढ़कर छियालीस कुंतल हो गयी है।

**********